तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 26 अक्टूबर 2025



11 ट्रिपल इंजन की सरकार से तेजी से हो रहा विकास : कश्यप



12 आवारा पशुओं के नियंत्रण और सड़क दुर्घटनाओं ...






## खबर संक्षेप



### बस्तर हाईस्कूल के शताब्दी वर्ष की तैयारी, विधायक ने चर्चा की

**जगदलपुर।** शहर के जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय के शताब्दी वर्ष पर आगामी 17 नवंबर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर प्रबंधन समिति के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने बैठक लेकर तैयारी पर विस्तार से चर्चा की । उन्होंने सभी की जवाबदारी एवं रूपरेखा तैयार किया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, शाला प्रबंधन समिति के राकेश तिवारी, अखिलेश शुक्ला, प्राचार्य रामकुमार एवं शिक्षक उपस्थित थे। विधायक ने कार्यक्रम को भव्य रूप से सभी के सहयोग से सफल आयोजन करने चर्चा की।

### लाला जगदलपुरी सम्मान के लिए रुद्र का प्रस्तावित

**जगदलपुर।** राज्य उत्सव में राज्य अलंकरण सम्मान दिए जाते हैं। इस वर्ष 12 श्रेणियों के लिए चयन समिति गठित की गई थी। जिसमें लाला जगदलपुरी राज्य अलंकरण सम्मान के लिए भी समिति गठित की गई। समिति में जगदलपुर से वरिष्ठ साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही को सम्मिलित किया गया था। जिसमें तीन सदस्यों की समिति ने राज्य अलंकरण सम्मान के लिए एक नाम शासन को प्रस्तावित कर दिया है।



### पटना उत्सव में विक्रम ने अपनी हल्बी कहानी पढ़ी

**जगदलपुर।** साहित्य अकादमी की ओर से अंतरराष्ट्रीय उन्मेष साहित्य उत्सव का आयोजन पटना में किया गया था। इस आयोजन में बस्तर से कथाकार विक्रम कुमार सोनी को आमंत्रित किया गया था। विश्व भर के 400 से अधिक बोली-भाषाओं के 600 से अधिक साहित्यकारों ने शिरकत की। सोनी ने बस्तर की लोक भाषा हल्बी में अपनी कहानी का पाठ किया तथा उसका हिंदी अनुवाद भी किया।



### दक्षिण भारतीय लोगों ने पंचमी पर की नाग देवता की पूजा



**जगदलपुर।** बस्तर जिले में दक्षिण भारतीय के लोगों ने शनिवार को कृष्ण पक्ष में नागपंचमी का त्यौहार मनाया। दीपावली पर्व के 5 दिन बाद मनाए जाने वाले नाग पंचमी में शहर में रहने वाले दक्षिण भारतीय के लोगों ने सांप के बिल की विधिवत रूप से पूजा की। इस दौरान बिल में अंडा और तिल के लड्डू चढ़ाने के साथ दूध भी चढ़ाया। मान्यता है कि दक्षिण भारतीय पद्धति से मनाए जाने वाले नाग पंचमी में कार्तिक मास काफी पवित्र महीना रहता है और इस दौरान नाग देवता से जो भी मनोकामना मांगी जाती है वह पूरी होती है। शनिवार सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक शहर से लगे लामनी के जंगलों में इसके अलावा कुरंदी, सगीपाल और धरमपुरा मार्ग के जंगलों और अन्य क्षेत्र के जंगलों में बने सांप के बिल में बस्तर में रहने वाले दक्षिण भारतीय लोगों ने पूजा पाठ की। आतिशबाजी भी किया और एक दूसरे को बधाई भी दी, हर साल दिवाली के पांचवें दिन मनाए जाने वाले नाग पंचमी पर्व को लेकर आंध्र समाज के लोगों में अलग ही उत्साह देखने को मिला।

# कांगेर घाटी उद्यान से सटे गांवों के युवाओं को रोजगार के लिए मिलेगी चित्रकला की ट्रेनिंग

## प्रशिक्षण से युवाओं को कला व पर्यटन के माध्यम से आय अर्जित करने में होगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान से सटे 3 गांवों के 8 युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए चित्रकला का प्रशिक्षण दिया गया है। यह प्रशिक्षण स्थानीय युवाओं को कला और पर्यटन के माध्यम से आय अर्जित करने में मदद करेगा। यह प्रशिक्षण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। युवाओं को पारंपरिक और आधुनिक चित्रकला की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया है। इसमें स्थानीय संस्कृति और प्रकृति को दर्शाने वाली पेंटिंग्स बनाना सिखाया गया है। इस पहल से युवाओं को अपनी कला को एक पेशेवर करियर में बदलने का अवसर मिलेगा और वे पर्यटन क्षेत्र में अपनी आय के स्त्रोतों का विस्तार कर सकेंगे। चित्रकला की मदद से बने उत्पादों को पर्यटक खरीद सकते हैं, जिससे इन युवाओं को आर्थिक लाभ होगा। बताया जा रहा है कि कांगेर घाटी राष्ट्रीयउद्यान का नाम कांगेर नदी से निकला है, जो इसकी लंबाई में बहती है। कांगेर घाटी लगभग 200 वर्ग किलोमीटर में फैला है, कांगेर घाटी ने वर्ष 1982 में एक राष्ट्रीय उद्यान की स्थिति प्राप्त की। ऊंचे पहाड़, गहरी ▶▶| शेष पेज 10 पर





### रोजगार से जोड़ने का प्रयास

*कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि उद्यान से सटे गांवों के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पूर्व भी उद्यान क्षेत्र के 8 गांव में बसे 15 बेरोजगार युवकों को उद्यान की ओर से भिलाई में इलेक्ट्रीशियन, डेटा ऑपरेटर, टेलर आदि का ट्रेनिंग दिया गया है।*

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों से किया संवाद, सीआरपीएफ कैंप का निरीक्षण भी

# जनचौपाल में युवाओं से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सीआरपीएफ कैम्प में जवानों से मुलाकात कर किया उत्साहवर्धन

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को नारायणपुर जिले के सुदूर संवेदनशील वनांचल कच्चापाल पहुंचे। जहां उन्होंने सीआरपीएफ कैम्प का निरीक्षण कर जवानों से मुलाकात कर कठिन परिस्थितियों में भी नक्सल मोर्चे पर उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कच्चापाल में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया। कच्चापाल के सरपंच रजमा नुरेटी ने बताया कि ग्राम पंचायत में नौ गांव आते है जिसकी जनसंख्या 1235 है। कच्चापाल तक नियद नेल्ला नार योजना से पक्की सड़क पहुंच चुकी है, जिससे जिला मुख्यालय तक आवागमन सुगम हो गया है। जिससे गांव में अब आर्थिक विकास तीव्र गति से हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में कैंप खुलने के बाद यहां वृहद स्तर पर परिवर्तन आया है। कई सालों तक जो क्षेत्र नक्सल आतंक से बिजली, पेयजल, सड़क जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित थे एवं युवाओं को हिंसा और भय का सामना करना पड़ता था अब यहां सुख, शांति और समृद्धि वापस आ रही है। लोगों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। ग्रामीण अब मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं और विकास अब गांवों तक पहुंच रहा है। शासन इसके लिए सही नियत से लगातार आदिवासी भाई बहनों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वाहन किया की यदि कोई युवा हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होना चाहता है तो उन्हें प्रोत्साहित करें शासन ने ऐसे लोगों के लिए संवेदनशील पुनर्वास नीति बनाई है उसका लाभ लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नियद नेल्ला नार, इलवद ग्राम जैसी योजनाएं भी संचालित की जा रहीं हैं जिससे वनांचल वासियों के घर घर तक विकास पहुंच रहा है।



### पीएम आवास निर्माण का निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने ग्राम कच्चापाल में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के निमार्णाधीन मकानों का निरीक्षण किया। जहां हितग्राही चंद्रिका वडडे एवं सोनाय बाई से उन्होंने योजनान्तर्गत राशि प्राप्ति और भवन निर्माण की जानकारी ली। जिसमें हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें पीएम आवास के साथ स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय निर्माण के लिए सहायता भी प्राप्त हुई है।

### महिला के होटल पहुंच चखा व्यंजनों का स्वाद

होटल संचालिका यशोदा के दुकान पहुंचकर उपमुख्यमंत्री ने दुकान में सामग्रियों का जायजा लिया और होटल में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ होटल के व्यंजनों का भी स्वाद लिया। उन्होंने ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया।

# सात घरों में छामापार कार्रवाई डेढ़ लाख का अवैध काष्ठ जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- वन विभाग की टीम ने दो दिनों में जुनागुड़ा एवं सरगीगुड़ा में दी दबिश

बस्तर जिले के करपावंड थाना क्षेत्र के जुनागुड़ा एवं सरगीगुड़ा में वन विभाग की टीम ने 7 ग्रामीणों के घर और बाड़ी में दो दिन छापा मारा, जिसमें लगभग डेढ़ लाख रूपए का अवैध काष्ठ सागौन, साल के फारा, चिरान जप्त किया। मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी के मार्गदर्शन, वन मंडलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देश पर उप वन मंडलाधिकारी बस्तर आईपी बंजारे नेतृत्व में वन परिक्षेत्र करपावंड के अन्तर्गत ग्राम मरेठा में 7 लोगों से 34 नग 2.721 घमी लटठा एवं चिरान जप्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा ▶▶| शेष पेज 10 पर

### रेंजर को दिए निर्देश

डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के परिक्षेत्र अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अवैध काष्ठ का परिवहन रोकें। इसके लिए मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारी जुटे हुए हैं।

### कार्रवाई में अधिकारी, कर्मी शामिल रहे

*कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी भानपुरी लालसाय मरकाम, उप वन क्षेत्रपाल बुधरुराम कश्यप, बालक दास बघेल, वनपाल दिनेश आलम, जयदेव मौर्य, ओमप्रकाश सिंह, महेश पाण्डे, प्रवीण सिंह, ममता कश्यप, उड़नदस्ता श्री सोनी साहब, वन रक्षक रघुनाथ नाग, तुलेश कश्यप, मंगल सिंह कश्यप, अरुण कश्यप एवं हेमंत मौर्य शामिल रहे।*

# उपज की आवक नहीं होने से मंडी में दीपावली के बाद भी नहीं हुई बोहनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मंडियों में उपजों की आवक नहीं होने से संग्राहक, हमालों व व्यापारियों में निराशा

प्रत्येक वर्ष दीपावली पर्व के बाद बस्तर संभाग की 11 मंडियों में व्यापारी मुहूर्त कर खरीदी करते हैं। उपजों की आवक के अभाव से इस वर्ष दीपावली पर्व होने के 6 दिन तक यह खरीदी का मुहूर्त नहीं हो पाया। मंडी व्यापारियों के अनुसार दीपावली के एक सप्ताह में खरीदी के लिए मंडी में मुहूर्त किया जाता है। दीपावली के दूसरे दिन मंडी व्यापारियों ने मुहूर्त की खरीदी की तैयारी थी, लेकिन आवक के अभाव में खरीदारी नहीं हो पाई। पर्व के चलते संग्राहक आवक लेकर मंडी तक नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे खरीदी में विलंब हुआ है। वहीं दूसरी ओर उप मंडियों में साप्ताहिक बाजार में छोटे-छोटे संग्राहक अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पहुंच रहे हैं, जिसमें पुराना धान एवं मक्का आदि बेच रहे हैं।





### तब व्यापारी खरीदी बिक्री का करेंगे मुहूर्त

बस्तर संभाग मंडी बोर्ड के प्रभारी संयुक्त संचालक ने बताया कि उपजों की आवक होने पर मंडी के व्यापारी खरीदी-बिक्री के लिए मुहूर्त करेंगे। मौसम के चलते मंडी में उपज की आवक नहीं हो रही है।

# रिटायर्ड स्वास्थ्यकर्मी का शव मिला गौठान में, इलाके में फैली सनसनी

**तोकापाल।** बस्तर जिले के परपा थाना क्षेत्र के बिरींगपाल गांव में शनिवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के गोठान में एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान गांव के ही निवासी और स्वास्थ्य विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी टीआर ठाकुर (69) के रूप में की गई है।



सुबह-सुबह इस घटना की खबर जैसे ही फैली, पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंची और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। एक रिटायर्ड स्वास्थ्यकर्मी ने आखिर गोठान जैसे स्थान पर फांसी क्यों लगाई। क्या यह आत्महत्या का मामला है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश छिपी है। फिलहाल इस पर रहस्य बना हुआ है। सूचना मिलते ही परपा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है। यह संदिग्ध मौत अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस ने प्राथमिक जांच शुरू कर दी है और ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मृत्यु के असली कारण का खुलासा हो सकेगा।

# भृत्य से की अभद्रता, प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

- सर्व अनुसूचित जाति वर्ग ने दिया 15 दिन का अल्टीमेटम कार्यवाही नहीं होने पर करेंगे उग्र आंदोलन

प्रभारी प्राचार्य शाऊमावि जैबेल द्वारा भृत्य नीलम भारती के साथ मारपीट एवं जाति सूचक गाली गलौज पर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप तत्काल कार्यवाही की मांग की गई। कार्यवाही नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की बात विक्रम लहरे जिलाध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग ने कही है। लहरे ने जारी बयान में कहा प्रभारी प्राचार्य लेखराज हिरवानी जब स्कूल में नीलम प्रसाद भारती के साथ गाली गलौज करते हुए चार पांच थप्पड़ मारा उस वक्त स्कूल के कर्मचारी राम प्रसाद बघेल और जोगेश कुमार कुंजाम उपस्थित थे। प्रभारी प्राचार्य ने दुबारा स्कूल आने पर मारने की धमकी दी । इस कारण नीलम प्रसाद ▶▶| शेष पेज 10 पर

### जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंच ज्ञापन देकर कहा की केवल 15 दिन का समय हम दें रहे है। इस दौरान गुरु घासीदास धर्म सभा के प्रधान संयोजक लखमू राम टंडन, मसीह युवा मोर्चा के संयोजक नरेंद्र भवानी, अनुसूचित जाति वर्ग के महासचिव सतीश वानखेडे, सर्व अनुसूचित जाति समाज के उपाध्यक्ष मनीष गढ़पाले, जगदलपुर सतनामी समाज की भंडारी राजू कोशले, विजय लहरे, नीलम प्रसाद, भारती करण गौरे, किशन कुमार जोगी भुवनेश्वर कश्यप कुबेर दास जोगी हरिदास पटेल गौतम मारकंडे डोमेश्वर लोकेश बिंदेश, देवेंद्र देहरी मायाराम कुर्रे हरिचंद बॉंधे,हिमांशु मौर्य चैतन बघेल,मनोज डि, तारण कोसले, तिरपति बघेल, जोगेश्वर बघेल, मुस्लिम समाज से मोहसिन खान, महिलाओं सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## गुरु गोविंद सिंह वार्ड में पशु प्रदर्शनी में दी गई उपयोगी जानकारी

# मेले में उन्नत नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन और मालिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में पशुधन विकास विभाग ने शनिवार को गुरु गोविंद सिंह वार्ड में विकासखंड स्तरीय पशु मेला सह पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर संजय पांडे उपस्थित रहे। पशुधन विकास विभाग की ओर से उन्नत नस्ल के पशुपालकों को प्रोत्साहन सामग्री का वितरण किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को जागरूक करना, उन्नत पशुओं का प्रदर्शन करना एवं पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु आवश्यक सेवाएं प्रदान करना था। मेले में मुक्त टीकाकरण, पशु बंध्याकरण, उपचार शिविर एवं निशुल्क दवा वितरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट पशुओं के मालिकों को पुरस्कृत किया गया। दुधारू गाय प्रथम दिनेश बैस, उन्नत बछिया प्रथम योगेश नायक, स्वस्थ बछड़ा प्रथम श्याम सुंदर बघेल, भैंसा प्रथम रामदास, बैल प्रथम अस्तु बघेल, मुर्गा प्रथम संजय, बकरा-भेड़ प्रथम कृष्णा, सभी श्रेणियों में द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए।



### उन्नत नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन

महापौर ने कहा कि पशु मेले में विभिन्न उन्नत और देसी नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन किया गया। पशु रोग निदान, उपचार एवं पशुपालन की नई तकनीकों के साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पार्षद एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने बताया कि कार्यक्रम में मुक्त टीकाकरण, क्रीमी नाशक दवा वितरण और पशुधन बीमा तथा केसीसी ऋण जैसी योजनाओं की जानकारी पशुपालकों को दी गई।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में श्याम सुंदर बघेल, संतोष गौर, राजू बघेल एवं श्रीवर सिंह ठाकुर ने भी अपनी बातें रखी। संचालन विजमोचन देवांगन ने किया। एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, राजू बघेल, सुरेश कश्यप, नरेश कश्यप, बलिराम कश्यप, सूरज श्रीवास्तव, रामदास मौजूद थे। पशुधन विकास विभाग की ओर से संयुक्त संचालक, विकासखंड प्रभारी जे. तिग्गा, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. नंदकिशोर मांझी, डॉ. ईश्वर सिंह, रमा ध्रुव, मंजू सारथी, बृजमोहन देवांगन, मुकेश तिवारी, सुनील भटनागर, एच.सी. चंद्रवंशी एवं लोकेश शार्दुल उपस्थित रहे।




